आ०नि० – 185 / 14-2-2016

भारत सरकार
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
क्षेत्रीय कार्यालय (मध्य)
Ministry of Environment, Forest and Climate Change
Regional Office (Central Region)

केन्द्रीय भवन, पंचम तल, सेक्टर–एच, अलीगंज, लखनऊ–226024
Kendriya Bhawan, 5th Floor, Sector-H, Aliganj, Lucknow- 226024, Telefax: 2326696, 2324340, 2324047, 2324025
Email: (Env.) m_env@rediffmail.com, (Forest) goimoefrolko@gmail.com

पत्र सं0 8बी / यू0पी0 / 06 / 23 / 2016 / एफ0सी0 / 173

दिनॉक : 12-7-16

सेवा में,
सचिव (वन),
उत्तर प्रदेश शासन,
बापू भवन, लखनऊ।

ऑनलाईन प्रस्ताव संख्या–FP/UP/Road/14525/2015

विषयः बागपत वन प्रभाग के अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग द्वारा मेरठ–बागपत मार्ग किमी0 71 पर हिण्डन नदी पर प्रस्तावित सेतु के दांयी ओर संपर्क मार्ग निर्माण हेतु जनपद मेरठ व बागपत की 1.215 हे0 संरक्षित वनभूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं उस पर अवस्थित 30 वृक्षों के पातन की अनुमति।

सन्दर्भः मुख्य वन संरक्षक / नोडल अधिकारी, लखनऊ का पत्रांक– 2637 / बागपत / 14825 / यू0पी0–128 / 2015, दिनांक–09.06.2016

महोदय,

उपरोक्त विषय पर संदर्भित पत्र का आशय ग्रहण करें। उक्त प्रकरण में इस कार्यालय के समसंख्यक पत्र दिनांक– 03.03.2016 द्वारा अतिरिक्त सूचना चाही गयी थी (छायाप्रति संलग्न) जिसकी अनुपालना आख्या मुख्य वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, उ0 प्र0 के उपरोक्त संदर्भित पत्र द्वारा प्रस्तुत की गयी है। प्रस्तुत अनुपालना पर विचारोपरान्त मुझे आपको यह सूचित करने का निर्देश हुआ है कि चाही गयी सूचना की बिन्दुवार अनुपालना आख्या नही प्रस्तुत की गयी है। वन संरक्षक द्वारा केवल 04 बिन्दुओं पर सूचना प्रेषित की गयी है जबकि इस कार्यालय द्वारा 12 बिन्दुओं पर सूचनाएं चाही गयी है। इसके अतिरिक्त क्षतिपूरक वृक्षारोपण स्थल GIS-DSS के अनुसार वृक्षों से आच्छादित है जो कि वृक्षारोपण के लिए उपयुक्त नही है। अतः क्षतिपूरक वृक्षारोपण स्थल में पुनः संशोधन करते हुए डिजिटल मानचित्र एवं .shp file / .kml file और इस कार्यालय द्वारा 12 बिन्दुओं पर चाही गयी सूचनाओं की बिन्दुवार पूर्ण अनुपालन आख्या प्रस्तुत करें

भवदीय,

संलग्नक– यथोपरि।

(बृजेन्द्र स्वरूप)
वन संरक्षक {केन्द्रीय}

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः

1. नोडल अधिकारी एवं मुख्य वन संरक्षक, (वन संरक्षण), अरण्य भवन, 17 राणा प्रताप मार्ग, लखनऊ।
2. वन संरक्षक, मेरठ वृत्त, मेरठ, उ0प्र0।
3. प्रभागीय वनाधिकारी, बागपत वन प्रभाग, बागपत, उ0 प्र0।
4. अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, बागपत, उ0प्र0।
5. श्री कमल मिश्रा, राजभाषा अनुभाग, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ को वेबसाइट पर अपलोडिंग हेतु प्रेषित।
6. आदेश प्रत्रावली

11/7/16

(बृजेन्द्र स्वरूप)
वन संरक्षक {केन्द्रीय}

सं० आस० 185 / 14-2-2016 दि० 16.8.16

मुख्य वन संरक्षक / नोडल अधिकारी
उक्त के सम्बन्ध मे मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि विषयगत प्रकरण मे वांछित सूचनायें यथाशीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

16.8.16

16/8/2016
(अशोक कुमार)
विशेष सचिव
वन एवं वन्य जीव अनुभाग
उ० प्र० शासन।